# कार्यालय भूवैज्ञानिक

भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड
जिला टास्क फोर्स, नैनीताल स्थित हल्द्वानी।
फोन व फैक्सः 05946–221247

पत्रांक : 374/टा0फो0नैनी0/भवन/2016–17 दिनांक 29/06/2016

सेवा में,

जिला युवा कल्याण एवं प्रा0र0द0 अधिकारी,
नैनीताल।

विषयः **मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा इन्द्रानगर लालकुंआ निवासी शहीद स्व0 श्री मोहन नाथ गोस्वामी के नाम मिनी स्टेडियम/खेल मैदान निर्माण हेतु की गयी घोषणा के अन्तर्गत चयनित स्थल (वन भूमि) की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।**

महोदय,

कृपया आपके पत्रांक 334/यु0क0/मा0मु0म0–घोषणा/2015–16, दिनांक 22 सितम्बर, 2015 के माध्यम से सन्दर्भित उपरोक्त प्रस्तावित प्रकरण में इस कार्यालय के पत्रांकः 787/जि0टा0फो0–नैनीताल/भवन/2015–16, दिनांकः 07.11.2015 के द्वारा आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था। उपरोक्त के क्रम मे कार्यदायी विभाग द्वारा आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराये जाने के उपरान्त प्रस्तावित स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 08.06.2016 को कार्यदायी विभाग के प्रतिनिधि श्री डी0एन0 काण्डपाल एवं श्री मयंक शर्मा की उपस्थिति मे सम्पन्न किया गया, जिसकी निरीक्षण आख्या सं0 47 , संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः–

1. निरीक्षण आख्या।

भवदीय

(लेख राज)
सहायक भूवैज्ञानिक

सं0 /उपरोक्तानुसार /तद्‌दिनांकित
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित :–**

1– जिलाधिकारी नैनीताल।
2– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून।

(सहायक भूवैज्ञानिक)

Distt. Youth Welfare & P.V.D. Officer, Nainital

निरी0आ0 सं0 47 /टा0फो0नैनी0/भवन/2016–17

## कार्यालय भूवैज्ञानिक, भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, जिला टास्क फोर्स, नैनीताल स्थित हल्द्वानी।

**मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा इन्द्रानगर लालकुंआ निवासी शहीद स्व0 श्री मोहन नाथ गोस्वामी के नाम मिनी स्टेडियम/खेल मैदान निर्माण हेतु की गयी घोषणा के अन्तर्गत चयनित स्थल (वन भूमि) की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।**

**प्रस्तावनाः–**

जिला युवा कल्याण एवं प्रा0र0द0 अधिकारी, नैनीताल के पत्रांक 334/यु0क0/मा0मु0म0–
घोषणा/2015–16, दिनांक 22 सितम्बर, 2015 के माध्यम से सन्दर्भित उपरोक्त प्रस्तावित प्रकरण में इस कार्यालय
के पत्रांकः 787/जि0टा0फो0–नैनीताल/भवन/2015–16, दिनांकः 07.11.2015 के द्वारा आवश्यक अभिलेख पूर्ण
कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था। उपरोक्त के क्रम मे कार्यदायी विभाग द्वारा आवश्यक अभिलेख पूर्ण कराये
जाने के उपरान्त प्रस्तावित स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 08.06.2016 को कार्यदायी
विभाग के प्रतिनिधि श्री डी0एन0 काण्डपाल एवं श्री मयंक शर्मा की उपस्थिति मे सम्पन्न किया गया, जिसकी
निरीक्षण आख्या निरीक्षण आख्या निम्नवत हैः–

**स्थितिः–**

प्रस्तावित स्थल, लालकुंआ–हल्द्वानी मोटर मार्ग के पूर्व की ओर स्थित वन भूमि है। प्रस्तावित
स्थल वर्तमान में एक उबड़ खाबड़ भूभाग है जिसमें स्वस्थानिक प्रजाति की झाड़ियां तथा वृक्ष विद्यमान हैं। स्थल
के उत्तर तथा दक्षिण की ओर वन भूमि स्थित है जिसमें झाड़ियां तथा वृक्ष स्थित हैं। स्थल के दक्षिण की ओर,
प्रस्तावित भूभाग की परिधि के भीतर तथा बाहर सघन वृक्षाच्छादित भूभाग स्थित है। स्थल के पूर्व की ओर एक
मोटर मार्ग तथा उसके बाद आबादी क्षेत्र व कृषि भूमि मिली जुली अवस्था में हैं। स्थल के पश्चिम की ओर
लालकुआं का आबादी क्षेत्र स्थित है। स्थल के पूर्व की ओर सम्पर्क मार्ग स्थित है जिसका स्थल के निकट
समरेखण उत्तर–दक्षिण की ओर है। स्थल के सैटेलाईट मानचित्र के अनुसार स्थल के पश्चिमी किनारे से लगभग
340 मीटर की दूरी पर हल्द्वानी–बरेली मोटर मार्ग स्थित है जिसका स्थल के निकट समरेखण 10$^0$–190$^0$ है।
कार्यदायी विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखो/मानचित्र के अनुसार प्रस्तावित स्थल पर शहीद मोहन नाथ
गोस्वामी मेमोरियल मिनी स्टेडियम लालकुआं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है तथा स्थल पर हस्तान्तरण हेतु
प्रस्तावित भूभाग का कुल क्षेत्रफल 4.9962 हेक्टेयर है। स्थल पर निर्मित की जाने वाली संरचनाओं/भवनों की क्षेत्र
में स्थिति, आकार तथा ऊंचाई के सम्बन्ध में कोई अभिलेख कार्यदायी विभाग द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध नही
कराये गये हैं।

आवेदित स्थल, भारतीय सर्वेक्षण विभाग की टोपो शीट सं0 **53 O/12** के अन्तर्गत आता है।
स्थल समुद्र तल से लगभग 270 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। स्थल की परिधि निम्न अक्षासं व देशान्तर पर
स्थित हैः–

उत्तर–पूर्वी किनारा (बिन्दू)

उत्तर 29$^0$ 04′ 48.4″ अक्षासं
पूर्व 79$^0$ 31′ 29.8″ देशान्तर

दक्षिण–पूर्वी किनारा (बिन्दू)

उत्तर 29$^0$ 04′ 44.8″ अक्षासं
पूर्व 79$^0$ 31′ 29.7″ देशान्तर

Distt. Youth Welfare & P.V.D. Officer, Nainital

दक्षिण–पश्चिमी किनारा (बिन्दू)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर | $29^0$ | 04′ | 45.0″ | अक्षासं |
| पूर्व | $79^0$ | 31′ | 13.8″ | देशान्तर |

उत्तर–पश्चिमी किनारा (बिन्दू)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर | $29^0$ | 04′ | 48.7″ | अक्षासं |
| पूर्व | $79^0$ | 31′ | 13.6″ | देशान्तर |

**भूगर्भीय संरचना :–**

प्रस्तावित स्थल पर स्वस्थानिक चट्टानें दृष्टिगोचर नहीं होती हैं। स्थल की सतह पर भूरे रंग की मृदा का मोटा आवरण है जिसमे विभिन्न प्रकार की चट्टानों के कोबेल व पैबेल मिश्रित अवस्था में है। स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित खुले भूखण्ड का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि स्थल पर नीचे की ओर अधिक मात्रा मे कोबेल व पैबेल के साथ मृदा का मिश्रण स्थित होगा जिसमे कुछ मात्रा में बोल्डरो के मिश्रित होने की भी सम्भावना है। भूगर्भीय संरचना के दृष्टिकोण से यह सम्पूर्ण क्षेत्र हिमालय पर्वत श्रंखला के दक्षिणी भाग मे स्थित बाह्य हिमालय के गिरीपाद मे स्थित है जो स्थल के पूर्व की ओर स्थित गोला नदी द्वारा कालान्तर मे अपने साथ बहाकर लाये गये नदीय अवसादों के स्थल पर निक्षेपित होकर कठोर हुये भाग से निर्मित हुआ प्रतीत होता है। स्थल पर भाबर तराई क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना व्याप्त है। स्थल पर ढलाने दृष्टिगोचर नही होती है तथा स्थल लगभग समतल है जबकि क्षेत्रीय स्तर पर स्थल व स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र मे सामान्य ढलाने दक्षिण की ओर हैं। स्थल पर तथा स्थल के निकटवर्ती क्षेत्र में कोई प्राकृतिक नाला आदि नही पाया गया। स्थल के पूर्व की ओर लगभग 2.5 किमी0 की दूरी पर गोला नदी स्थित है जिसका स्थल के निकट समरेखण तथा बहाव उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व की ओर है। प्रस्तावित स्थल/क्षेत्र भारतीय सीजमिक मानचित्र मे सक्रिय भूकम्पीय पट्टी IV (हाई डैमेज रिस्क जोन) मे वर्गीकृत किया गया है जहॉ स्थल अधिकांशतः लघु से मध्यम व यदाकदा वृहद तीव्रता के भूकम्पनों से प्रभावित हो सकता है। निरीक्षण के समय स्थल पर भूधंसाव के कोई चिन्ह नहीं पाये गये। स्थल वर्तमान में स्थिर प्रतीत होता है।

**निष्कर्षः–**

प्रथम दृष्टया निरीक्षण के अनुसार भूगर्भीय संरचना के दृष्टिकोण से प्रस्तावित स्थल वन भूमि हस्तान्तरण हेतु उपयुक्त प्रतीत होता है। कार्यदायी विभाग द्वारा प्रस्ताव के साथ वन भूमि हस्तान्तरण के उपरान्त स्थल पर प्रस्तावित संरचनाओं/भवनों के निर्माण के सम्बन्ध मे कोई अभिलेख जैसे साईट प्लान, की प्लान, प्रस्तावित भवनो के आकार व ऊंचाई के सम्बन्ध में अभिलेख उपलब्ध नही कराये गये है। इसलिये वन भूमि हस्तान्तरण के उपरान्त स्थल पर प्रस्तावित संरचनाओं के सुरक्षित निर्माण हेतु भूगर्भीय संरचना के दृष्टिकोण से सुझाव व संस्तुतियां लिया जाना तथा उनके अनुरूप निर्माण किया जाना आवश्यक होगा।

( लेख राज )
सहायक भूवैज्ञानिक

Distt. Youth Welfare &
P.V.D. Officer, Nainital